महत्वपूर्ण एवं खास

हाथियों ने तोड़े ग्रामीणों के मकान

कोरबा (आरएनएस)। जिले के पसान रेंज में हाथियों का उत्पात थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। यहां के पसान सर्किल में घूम रहे 25 हाथियों के दल ने मंगलवार की रात अड़सरा बीट के बरबटपारा में पहुंच गए और उत्पात मचाते हुए एक दर्जन ग्रामीणों के मक्का, उड़त व धान की फसल को तहस-नहस कर दिया। वहीं बस्ती में घुसकर चार ग्रामीणों के मकान भी तोड़ डाले। हाथियों का दल यहां उत्पात मचाने के बाद अमझर तथा पोड़ीकला भी पहुंच गए और वहां भी लगभग 6 किसानों की फसल रौंदी। जानकारी मिलने पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचा और हाथियों को खदेड़ने की कार्यवाही की। वन अमले द्वारा खदेड़े जाने पर हाथियों जंगल का रूख किया। वन अमला इस प्रयास में रतजगा करते रहे। उनके साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद थे। जिन्होंने मशाल के सहारे हाथियों को खदेड़ा। पसान में बड़ी संख्या में डेरा डाले हाथियों के उत्पात से ग्रामीण बेहद हलाकान हैं। उन्हें जान-माल के सुरक्षा की चिंता सताए जा रही है। हाथी बीच-बीच में रिहायशी क्षेत्र व खेतों में पहुंच जाते हैं और फसलों तथा मकानों को नुकसान पहुंचाते हैं। हाथियों ने ग्रामीणों का जीना हराम कर दिया है। ग्रामीण डर के मारे अपने खेतों में भी नहीं पहुंच पा रहे हैं जिससे उनकी फसल पिछड़ रही है।

गणेश चतुर्थी के अवसर पर राज्यपाल ने दी शुभकामनाएं

रायपुर (आरएनएस)। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल सुश्री उइके ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि भगवान श्री गणेश विघ्न-विनाशक तथा ज्ञान एवं बुद्धि के देवता है। किसी भी कार्य का शुभारंभ गणपति की पूजा के साथ की जाती है। राज्यपाल ने इस अवसर पर प्रदेश के नागरिकों के सुख-समृद्धि, शांति एवं मंगलमय जीवन की कामना की है।

दो वर्ष से फरार अपहरण व दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

जगदलपुर (आरएनएस)। नाबालिग का अपहरण कर दैहिक शोषण करने वाले दो वर्ष से फरार आरोपी मोंगतू उर्फ मान्टू निवासी जिला नवरंगपुर उड़िसा को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2019 में नाबालिक बालिका को शादी का प्रलोभन देकर भगाकर ले गया था। पीड़िता के परिजनों द्वारा बोधघाट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। थाना प्रभारी बोधघाट धनंजय सिन्हा के नेतृत्व में पतासाजी टीम गठित कर आरोपी का पता तलाश किया जा रहा था। इसी दौरान आरोपी मोंगतू उर्फ मोंटू के जगदलपुर में होने की पक्की खबर मिली। जिसके बाद से बस स्टैंड क्षेत्र में पहचान कर घेराबंदी कर पकड़ा गया।

बाइक की ठोकर से युवक की मौत

कांकेर (आरएनएस)। जिले के पखांजूर थाना अंतर्गत पिव्ही 124 निवासी तारक मंडल पिता तपन मंडल उम्र 17 वर्ष सड़क किनारे खड़ा होकर मोबाइल देख रहा था, इसी दौरान बाइक क्रमांक सीजी 04 सीवी 4752 पीछे से बाइक चालक गोकुल सरकार पिता गुरु सरकार पीवी 124 ने नशे में धुत लहराते हुए सड़क किनारे खड़े तारक मंडल को टक्कर मार दिया। इस हादसे के बाद परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से गंभीर रूप से घायल युवक को पखांजूर स्थित बंदना अस्पताल ले आये, जहां युवक को मृत घोषित कर दिया। है । घटना के बाद से गांव में शोक का माहौल है ।

बिजली की आंख मिचौली से ग्रामीण परेशान

कोरबा (आरएनएस)। बिजली की आंखमिचौली से पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले कोरबी एवं चोटिया क्षेत्र के ग्रामीण काफी परेशान हैं। यहां आए दिन बिजली गुल हो रही है। कभी एक घंटे के लिए आती है तो कभी आधा घंटा। फलस्वरूप अधिकांश समय क्षेत्र में अंधेरा छाया रहता है।

स्काउट्स एवं गाइड्स ने वसुधैव कुटुम्बकम की भावना बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है - राज्यपाल

» भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ का राज्य अलंकरण समारोह

» राज्यपाल ने उत्कृष्ट स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर, स्काउटर और गाईडर को किया पुरस्कृत

रायपुर (आरएनएस)। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स संस्था बच्चों में अनुशासन और राष्ट्रीयता की भावना जागृत करती है। संस्था से जुड़े विद्यार्थियों में मानव सेवा की भावना भी उत्पन्न होती है, जो जीवन भर उनके काम आती है। स्काउट और गाइड को यह सिखाया जाता है कि कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता। इसने विविधता में एकता की भावना' तथा 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उक्त बातें राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने राजभवन के दरबार हाल में आयोजित भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य अलंकरण समारोह में कही। इस अवसर पर उत्कृष्ट स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर, स्काउटर और गाइडर को सम्मानित भी किया। इस अवसर भारत स्काउट एवं गाइड छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष एवं स्कूल शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम, उपाध्यक्ष एवं

विधायक श्रीमती शकुंतला साहू, आयुक्त एवं विधायक विनोद चन्द्राकर, कार्यकारी अध्यक्ष राजेश अग्रवाल भी उपस्थित थे।

राज्यपाल ने कहा कि इस संगठन ने भारत स्काउट्स एवं गाइड्स एक ऐसी संस्था है, जो विद्यार्थियों को संस्कारित करने का कार्य करती है। स्काउट एवं गाईड को कम सुविधाओं में तथा कठिन परिस्थितियों में स्वयं को ढाल कर जीवन जीने की कला सिखाई जाती है। कहा जाता है कि ''वन्स ए स्काउट ऑलवेज स्काउट''। यदि बच्चे में एक बार स्काउटिंग का बीज रोपित कर दिया जाए तो वह जीवन भर स्काउट बना रहता है। स्काउटिंग सभी धर्मों के प्रति श्रद्धा रखना सिखाती है। युवाओं में नेतृत्व क्षमता का गुण विकसित करने का कार्य भी यह संस्था करती है। यहां मुझे स्वामी विवेकानंद का वह कथन याद आ रहा है कि ''अगर मुझे तेजस्वी, श्रद्धासंपन्न और दृढ़विश्वासी और निःस्वार्थ सेवा करने वाले कुछ युवा मिल जाएं तो मैं पूरी दुनिया को बदल कर रख सकता हूं।''

राज्यपाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य की स्काउटिंग का हमारे देश में अहम योगदान है। कोरोना काल में भी हमारे रोवर्स-रेंजर्स, स्काउटर एवं गाइडर ने अनेक सेवा कार्य जैसे भोजन वितरण, सूखा राशन वितरण, घर-घर दवा पहुंचाना एवं आम लोगों में जनजागरूकता फैलाने जैसे कार्य निःस्वार्थ भाव से किए, जिसके फलस्वरूप पूरे भारत में कोरोनाकाल में सेवा कार्य हेतु भारत को तीसरा पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

हत्या, लूट एवं आगजनी में शामिल 5 नक्सली गिरफ्तार

बीजापुर (आरएनएस)। जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत थाना नैमेड़ से जिला बल, डीआरजी और 222 केरिपु की संयुक्त टीम कैका, कडेर, जपेली की ओर निकली थी। संयुक्त पार्टी द्वारा कडेर और जपेली के मध्य जंगल से 03 नक्सलियों कमलू ओयाम, मनीष कलमूम एवं गुडडु हेमला को गिरफ्तार किया गया। वहीं थाना मिरतुर एवं केरिपु 199 की संयुक्त बल मिरतुर क्षेत्रान्तगर्त मुण्डेर, फुलगटटा की ओर निकली थी, इस दौरान मुण्डेर के जंगलों से 02 नक्सली बिज्जा उर्फ बीजा, मुड़ा उर्फ़ कोपा ओयाम को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार पांचों नक्सली हत्या, लूट एवं आगजनी के मामलों में शामिल रहे हैं। गिरफ्तार तीन नक्सली कमलू ओयाम, मनीष कलमूम एवं गुडडु हेमला थाना नैमेड़ क्षेत्रान्तगर्त मिनगाचल में 11 अप्रैल को निमार्णाधीन वाटर प्लांट में लगे वाहनों की आगजनी की घटना में शामिल थे। वहीं नक्सली बिज्जा उर्फ बीजा कड़ती थाना नेलसनार अंतर्गत 29 नवम्बर 2008 को तालनार में भूतपूर्व सरपंच लक्ष्मण कश्यप की हत्या एवं 17 जनवरी 2009 को तालनार निवासी छन्नु कश्यप के घर से दैनिक उपयोग की सामग्री लूट की घटना में शामिल था। इसके विरूद्ध थाना नेलसनार में 02 स्थाई वारट लंबित है। नक्सली मुड़ा ओयामी थाना मिरतुर क्षेत्र अंर्तगत 27 जुलाई 2007 को फुलगट्टा कड़ियारपारा में ग्रामीण की हत्या करने की घटना में शामिल था। इसके विरूद्ध थाना मिरतुर में 01 स्थाई वारंट भी लंबित है। गिरफ्तार पांचो नक्सलियों के विरूद्ध कार्यवाही के उपरांत न्यायालय बीजापुर में आज पेश किया गया।

हाथियों के झुंड के बीच फंसी महिला को रेस्क्यू टीम ने सुरक्षित निकाला

» दुगली रेंज के कक्ष क्रमांक 328 की घटना

धमतरी/ नगरी (आरएनएस)। इन दिनों धमतरी जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। दुगली रेंज में पिछले कुछ दिनों से लगभग 14 हाथियों का दल आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में देखे गए हैं। लगातार समझाईश के बाद भी कुछ लोग जंगल की ओर जाते हैं। ऐसे ही एक महिला हाथियों के झुंड के बीच फंस गई जिसे वन विभाग के कर्मचारियों ने अपनी जान की परवाह किए बगैर उसे सुरक्षित निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया।

वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार दुगली रेंज के ग्राम मटियाबहारा निवासी चैती बाई 55 वर्ष पति परदेसी कमार कक्ष क्रमांक 328 में जमीन पकड़ने गई हुई थी ।तभी हाथियों के दल ने उसे घेर लिया। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और महिला को सुरक्षित निकाल लिया।

डीएफओ सतोविशा समाजदार ने बताया कि महिला जमीन पकड़ने गई हुई थी। तभी हाथियों के झुंड ने महिला को घेर लिया। एक हाथी ने अपने सूंड़ से महिला को धक्का मार कर गिरा दिया। जैसे यह सूचना मिली कि महिला जमीन पकड़ने गई है (अतिक्रमण करने)वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और

अपनी जान की परवाह किए बगैर महिला को सुरक्षित निकाला। महिला का हाथ फैक्चर हो गया है और कमर में भी चोट आई है। प्राथमिक इलाज के लिए नगरी अस्पताल में भर्ती कराया जहां से जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। वह महिला को देखने पहुंची थी खतरे से बाहर है।इन दिनों लगभग 12 से 14 हाथियों के दल दुगली क्षेत्र में विचरण कर रहा है। लोगों से अपील की है कि जंगल की ओर न जाएं।

कलेक्टर के प्रयास से जिले को मिला लगभग 200 मीट्रिक टन यूरिया खाद

» किसानों को खरीफ फसलों के लिए पर्याप्त मात्रा में होगा उपलब्ध

कोरबा (आरएनएस)। कलेक्टर श्रीमती रानू साहू के प्रयास से कोरबा जिले को 200 मीट्रिक टन यूरिया खाद मिल गया है। रायगढ़ के खरसियां रेक प्वाइंट से इंडियन पोटाश लिमिटेड कंपनी से लगभग 200 टन यूरिया कोरबा जिले को आबंटित हो गया है। 146 टन यूरिया जिले को प्राप्त हो चुका है तथा 54 मीट्रिक टन यूरिया एक-दो दिनों के भीतर जिले को मिलने की संभावना है। यह यूरिया किसानों के मांग अनुसार जिले के सहकारी समितियों में भण्डारित किया जा रहा है। वर्तमान में धान के रोपा-बियासी सहित अन्य खरीफ फसलों के लिए लगातार यूरिया खाद की मांग बनी हुई थी। यूरिया खाद की कमी की संभावना को देखते हुए कलेक्टर श्रीमती साहू ने यूरिया खाद सप्लाई के लिए विशेष प्रयास किया। जिले को यूरिया खाद प्राप्त हो जाने से किसानों को अपने फसलों के लिए उचित मूल्य एवं सही समय पर उर्वरक उपलब्ध हो सकेगा।

उपसंचालक कृषि श्री अनिल शुक्ला ने बताया कि आईपीएल कंपनी के द्वारा प्राप्त 146 टन यूरिया जिले के सहकारी समितियों में भण्डारित किया जा चुका है। प्राप्त यूरिया किसानों के मांग अनुसार आदिम जाति सेवा सहकारी समिति रामपुर में 13.50 मीट्रिक टन, नवापारा समिति में 22.50 मीट्रिक टन, भिलाई बाजार समिति में 22.50 मीट्रिक टन, भैंसमा में 22.50 मीट्रिक टन एवं सिरमिना सहकारी समिति में 22.50 मीट्रिक टन यूरिया का भण्डारण किया गया है। उपसंचालक ने बताया कि जिले के अन्य सहकारी समितियों उतरदा, कोरबी, कोरकोमा, श्यांग व दुरपा के समितियों में जल्द ही भण्डारित कर दिया जाएगा।

गैस एजेसी मैनेजर से दिन दहाड़े पौने दो लाख रुपये की लूट

» शहर में बढ़ते अपराध और लूट की घटना से लोगो मे दहशत

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के ऐश्वर्य विंडमिल इलाके में दिनदहाड़े लूट की घटना सामने आई है। गैस एजेंसी के मैनेजर से पैसों से भरा बैग लूटकर बाइक सवार 3 अज्ञात लुटेरे फरार हो गए. लूट की वारदात की जानकारी मिलते ही खमारडीह थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई है। घटना से आस-पास के इलाके में दहशत का माहौल है। लगातार आपराधिक मामले में बढ़ोतरी से लोगो मे आक्रोश व्याप्त है। जानकारी के मुताबिक, घटना खम्हारडीह इलाके में ऐश्वर्या विंडमिल के पास तकरीबन 11 बजे आस-पास की है. रायपुर गैस एजेंसी के मैनेजर सुरेंद्र पाल सिंह एजेंसी मालिक के घर से 1 लाख 82 हजार रुपए बैग में लेकर बैंक में जमा कराने जा रहा था. इस बीच रास्?ते में बाइक सवार 3 अज्ञात लुटेरों ने जान से मारने की धमकी देकर पैसों से भरा बैग लूटकर फरार हो गए।

लूट की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस टीम पहुंची गई है. पीड़ित से पूछताछ के बाद आस-पास के सीसीटीवी फुटेज जुटा रही है. इसके साथ ही पुलिस ने शहर के कई इलाकों में नाकेबंदी कर आरोपियों के तलाश शुरू कर दी है।

[इलाके के सीसी टीवी फूटेज खंगाली जा रही है। पीड़ित के मुताबिक आरोपियों की संख्या तीन है। पूरे शहर में पुलिस आरोपियों की पतासाजी में जुट गई है जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।]

तारकेश्वर पटेल, एडीसनल एसपी रायपुर

गौ-तस्करी के फरार 2 मुख्य आरोपी गिरफ्तार

» थाना अर्जुनी पुलिस की कार्यवाही

धमतरी (आरएनएस)। ट्रक क0 सी0जी0 15 डी0एफ0 5635 का चालक अपने ट्रक में 40 नग गौ वंश को भरकर बिना चारा, पानी के क्रूरता पूर्वक परिवहन करने की सूचना पर गौ वंश धर्म सेना के जिला संयोजक अपने साथियों के साथ उक्त वाहन को पीछा करते हुए ग्राम लीलर में पकड़े। गौ वंश के सेवा समितियों के सदस्यों को देखकर ट्रक में मवेशी परिवहन करने वाले राय सिंग लहरे, प्रताप सतनामी, ओंकार कुर्रे एवं ट्रक चालक भी मौके से फरार हो जाने पर अन्य ड्रायवर की व्यवस्था करके थाना लाकर पेश करने पर थाना अर्जुनी में आरापी ओंकार कुर्रे एवं रायसिंग

लहरे तथा अन्य आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 230/2021 धारा छ0ग0 कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004, धारा- 4, 6,10, छ0ग0 पशु परिवहन अधिनियम 1978 की धारा 48, 52 कायम कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर द्वारा फरार आरोपियों के पतासाजी एवं शीघ्र गिरफ्तार करने निर्देशित करने पर अति0 पुलिस अधीक्षक श्रीमति निवेदिता पॉल व उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अरूण जोशी के निर्देशन में थाना प्रभारी अर्जुनी द्वारा थाना स्तर पर सउनि0 देवागंन एवं अन्य स्टॉफ की टीम तैयार कर आरोपीगण 01. प्रताप सतनामी पिता भागीरथी सतनामी उम्र 32 वर्ष साकिन पाईकभाठा थाना सिहावा जिला धमतरी को दिनांक 01.09.2021 को तथा आरोपी 02.ओंकार कुर्रे पिता रामस्वरूप कुर्रे उम्र 32 वर्ष साकिन पाईकभाठा थाना सिहावा जिला धमतरी 03. राय सिंग लहरे पिता बरसन लहरे उम्र 65 वर्ष साकिन जामली थाना मगरलोड जिला धमतरी को दिनाँक 07.09.2021 को उसके घर से गिरगफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जिला जेल धमतरी में निरूद्ध किया गया हैं।

प्रकरण में विवेचना जारी हैं, सबूतों के आधार पर अन्य आरोपियों के विरुद्ध भी उचित वैधानिक कार्यवाही की जावेगी ।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुर एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करवायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

बाइक के विवाद में अपने ही पिता की हत्या कर दफनाया

कवर्धा (आरएनएस)। युवक ने बाइक के विवाद में अपने बाप की गला घोंट कर हत्या कर दी। इसके बाद शव को घर से करीब 100 मीटर दूर ले जाकर दफ्ना दिया। दो दिन बाद बुधवार को सरपंच के घर आरोपी युवक पहुंचा और पिता के लापता होने की जानकारी दी। फिर ग्रामीणों और सरपंच पति के साथ तलाश करने निकल पड़ा। थोड़ी देर बाद जब एक जगह संदेह होने पर जमीन को खोदा गया तो शव देख युवक ने हत्या की बात स्वीकार कर ली। मामला रेंगाखार जंगल थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, ग्राम घानीखुंटा निवासी प्रभुलाल वर्मा (53) के दो बेटे कैलाश (22) और सोनू (6) हैं। कैलाश का अपने पिता से अकसर बाइक चलाने को लेकर विवाद होता था। प्रभुलाल उसे बाइक चलाने नहीं देता और टीवी देखने से रोकता था। रविवार सुबह भी दोनों के बीच इसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। गुस्से में आकर कैलाश ने रस्सी से अपने पिता का गला घोंट दिया। इसके बाद घर के पीछे करीब 100 मीटर दूर ले जाकर शव दफ्ना दिया।

पुलिस और तहसीलदार की मौजूदगी में जमीन को खोदा गया तो उसमें से प्रभुलाल का शव बरामद हुआ। हालांकि वह सड़ने की स्थिति में था।

तीसरे दिन सरपंच पति को दी पिता के लापता होने की जानकारी

आरोपी कैलाश वारदात के तीसरे दिन यानी मंगलवार को सरपंच पति फान सिंह के पास पहुंचा और पिता के लापता होने की जानकारी दी। बताया कि रिश्तेदारों के यहां पूछताछ की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। इस पर सरपंच पति उसे और अन्य ग्रामीणों को लेकर गांव में ही प्रभुलाल को तलाश करने के लिए निकले। इस दौरान एक जगह मिट्?टी खोदकर दोबारा पाटा गया था। संदेह होने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी।

पिता का शव देख हत्या की बात युवक ने की स्वीकार- शव को देखते ही कैलाश चीखने लगा कि उसने ही अपने पिता की हत्या की है। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और थाने ले गई। वहां पूछताछ में बताया कि 4 सितंबर की रात वह नशे में घर पहुंचा था। इस बात को लेकर अगले दिन पिता से झगड़ा हुआ। उसके पिता शराब से चिढ़ते थे। कैलाश ने बताया कि रस्सी से अपने पिता का गला घोंट दिया। इसके बाद घर के पीछे करीब 100 मीटर दूर ले जाकर शव दफ्ना दिया। कैलाश ने पुलिस को यह भी बताया कि वह बैंगलुरु में काम करता है। वह करीब डेढ़ महीने पहले ही गांव लौटा था, लेकिन पिता से नहीं पटने के कारण ननिहाल में रहता था। इन दिनों उसकी मां भी वहीं है। वारदात से 4 दिन पहले कैलाश घर पहुंचा था। हत्या के बाद उसने शव को घर में ही छिपा दिया। छोटा भाई सोकर उठा तो उसके लिए खाना बनाया और खिलाया। फिर उसे खेलने भेज दिया। उसके जाने के बाद शव को बाहर ले गया और दफ्ना दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफकार्यवाही में जुट गई है।